# चीनी निर्यात 57 प्रतिशत बढ़कर 109 लाख टन पर

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत का चीनी निर्यात सितंबर में समाप्त विपणन वर्ष 2021-22 के दौरान 57 प्रतिशत बढ़कर 109.8 लाख टन हो गया। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। निर्यात बढ़ने से देश में लगभग 40,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा आई। किसानों का गन्ना बकाया विपणन वर्ष 2021-22 के अंत में केवल 6,000 करोड़ रुपये था। चीनी मिलें 1.18 लाख करोड़ रुपये की कुल देय राशि में से किसानों को पहले ही 1.12 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी हैं।

खाद्य मंत्रालय ने कहा, 'भारत दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में उभरा है। देश चीनी का उपभोक्ता होने के साथ-साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी है।' देश में समाप्त विपणन वर्ष के दौरान, रिकार्ड 5000 लाख टन से अधिक गन्ने का उत्पादन हुआ।

ons. By continuing to use our

ENG 10:12